राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

कुम्भा मार्ग, सेक्टर–18, प्रताप नगर, टोंक रोड, जयपुर–302033
Phone:- 0141-2795529, 2791928 ; Website : www.ruhsraj.org
Email : ruhsacademic@ruhsraj.org
convocation@ruhsraj.org

क्रमांक : एफ–8( )/एकेडमिक–II/राज.स्वा.वि.वि./2024/MV608 दिनांक 29/01/2024

सूचना
9वां दीक्षान्त समारोह
12 मार्च, 2024 (मंगलवार)

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का **9वां दीक्षान्त समारोह** दिनांक **12 मार्च, 2024 (मंगलवार)** को बी.एम. बिडला ऑडिटोरियम, स्टेच्यू सर्किल, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय, राजस्थान द्वारा निम्नलिखित अभ्यर्थियों को मेडल व डिग्रियां प्रदान किये जावेंगे :–

डिग्री / मेडल	अभ्यर्थी, जो दीक्षान्त समारोह में आमंत्रित है
Chancellor's Gold Medal	वर्ष 2022 – पैरामेडिकल संकाय (M.Sc. Radiation Therapy Technology)
Gold Medal	मेडिकल, डेन्टल, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी तथा पैरामेडिकल संकायों के विभिन्न स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में अन्तिम वर्ष की परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर वर्ष 2022 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राऐं
Degree	वर्ष 2022 में डी.एम., एम.सी.एच. कोर्स उत्तीर्ण करने वाले छात्र एवं वर्ष 2023 में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राऐं

उपरोक्तानुसार मेडल प्राप्त करने हेतु पात्र अभ्यर्थियो को दीक्षान्त समारोह हेतु **जयपुर** में दि. **12 मार्च, 2024 को प्रातः 9:30 बजे** आमंत्रित किया जाता है। उपरोक्त विवरण के अनुसार दीक्षान्त समारोह में उपस्थिति हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ruhsraj.org पर दिनांक 05.02.2024 से उपलब्ध होंगे।

दीक्षान्त समारोह में डिग्री / मेडल प्राप्त किये जाने हेतु पात्र घोषित किये गये अभ्यर्थी दीक्षान्त समारोह में उपस्थिति हेतु आवेदन फार्म (उपस्थित होने की सहमति बाबत) विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ruhsraj.org से डाउनलोड कर दिनांक 25.02.2024 तक आवश्यक रूप से ई–मेल convocation@ruhsraj.org पर प्रेषित करावें। दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए अन्य सूचनाऐं व दिशा–निर्देश यथासमय विश्वविद्यालय की वेबसाईट, ई–मेल आदि के माध्यम से उपलब्ध कर दिये जावेंगे।

उपरोक्त के अतिरिक्त वर्ष 2022 में सभी संकायों (मेडिकल, डेन्टल, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथैरेपी एण्ड ऑक्यूपेशनल थैरेपी एवं पैरामेडिकल) के सभी स्तर (यू.जी./पी.जी. डिग्री तथा डिप्लोमा) के विभिन्न कोर्सेज में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को दीक्षान्त समारोह की तिथि के बाद संबंधित महाविद्यालय स्तर के दीक्षान्त समारोह में डिग्री प्रदान की जावेगी।

दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित अन्य जानकारी / सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर समय–समय पर उपलब्ध करा दी जावेगी। आवश्यकता होने पर जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अनुभाग, कमरा नं. 201 से व्यक्तिशः भी सम्पर्क किया जा सकता है।

Helpline Number :
For Convocation related queries/information : 0141-2795529 (Academic Section)
For Degree related query/information 0141-2795534 (Exam Section)

कुलसचिव